प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा है कि दुनिया में संतुलन बहाल करना न सिर्फ वैश्विक मामले हैं बल्कि एक वैश्विक जरूरत है। नई दिल्ली में परंपरागत औषधि पर विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों और एक सौ 75 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन वर्षों में हर किसी ने विश्व के हर कोने में योग को पहुंचते हुए देखा है।

....

सशस्त्र सीमा बल

सशस्त्र सीमा बल आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बल के सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल का अटूट समर्पण, सेवा और बलिदान की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बल की कर्तव्य निष्ठा राष्ट्र की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। वहीं, अपने संदेश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है।

....

बजट सुझाव

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट के लिए नागरिकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। बजट फरवरी में पेश किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समावेशी विकास और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देते हुए जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखना है। सुझाव डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डॉट माई गॉव डॉट इन पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं।

....

पोलियो अभियान

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत कल प्रदेश में 5 वर्ष की तक आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और जगह–जगह पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इस अभियान के तहत सोलन ज़िले में करीब 88 हजार, मंडी ज़िले में 64 हजार, सिरमौर ज़िले में 56 हजार से अधिक, चम्बा ज़िले में करीब 52 हजार जबकि किन्नौर ज़िले में 4 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। कल पोलियो खुराक

पीने से वंचित रहने वाले बच्चों को 22 व 23 दिसंबर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये खुराक पिलाएंगे।

....

चंबा–पोलियो

उधर, चम्बा ज़िले में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए करीब दो हजार दो सौ कर्मियों की तैनाती की गई है। ज़िला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जालम भारद्वाज ने बताया कि ज़िले के जनजातीय क्षेत्रों में भी अभियान को सफलतापूर्वक निपटाने के लिए तैयारियां की गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक अनिवार्य रूप से पिलाने का आहवान् किया है।

....

विंटर कार्निवाल

पर्यटन नगरी मनाली में विंटर कार्निवाल 20 जनवरी से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विंटर कार्निवाल कमेटी की एक बैठक मनाली में विधायक भुवनेशवर गौड़ अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि विंटर कार्निवाल के लिए मनाली माल रोड को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। कार्निवाल के दौरान शाम के समय सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इसके अलावा पर्यटकों को हिमाचल व कुल्लू के स्थानीय व्यंजनों से रू–ब–रू करवाने के लिए फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

....

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं। राज्य के जनजातीय क्षेत्रों सहित अन्य भागों में इन दिनों ठंड का दौर लगातार जारी है। खासतौर पर दूरदराज इलाकों में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर, मैदानी क्षेत्रों में भी कोहरे का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य में पिछले लम्बे समय से बारिश न होने से किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आज से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात की संभावना जताई है।

....